कार्यालय उपनिदेशक फायर सर्विस मेरठ/सहारनपुर परिक्षेत्र।

पत्रांकःरिनु0/डी0डी0/फा0स0/मेरठ–18(58)/75 दिनांकः जनवरी 30 2018,

सेवा मे,

प्रबन्धक/स्वामी,
मैसर्स एम0बी0एस0 इण्टरनेशनल स्कूल,
प्लाट न0–31, सेक्टर नॉलेज पार्क–01, ग्रेटर नौएडा,
जनपद–गौतमबुद्धनगर।

विषयः **मैसर्स एम0बी0एस0 इण्टरनेशनल स्कूल, द्वारा प्लाट न0–31, सेक्टर नॉलेज पार्क–01, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर में निर्मित एजुकेशनल भवन की अग्निशमन व्यवस्थाओं का वर्ष 2018–2019 हेतु वार्षिक नवीनीकरण प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः यूआईडीः2018/40076/जीबीएन/गौतमबुद्धनगर/8086/डी0डी0

महोदय,

कृपया आपके अनुरोध पर प्रश्नगत भवन की अग्निशमन व्यवस्थाओ का निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी नॉलेज पार्क ग्रेटर नौएडा श्री मतलूब हुसैन द्वारा किया गया तथा उनकी आख्या दिनांकः 24–01–2018 का सुसंगत मानको के अनुसार परीक्षण मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतमबुद्धनगर श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा कर अपनी संस्तुति आख्या दिनांकः 27–12–2017 को इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी जिसका सुसंगत मानको के अनुसार परीशीलन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया जिसका विवरण निम्नवत हैः–

प्रश्नगत भवन को पूर्व मे निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र का विवरणः– स–28/सीएफओ/जीबीएन–12(जीएन)/1775 दिनांकः 07–09–2012।

भवन की संरचनाः–

1–कुल प्लाट एरियाः–17,000.00 वर्ग मी0।
2–निर्मित भूतल कवर्ड एरिया–878.00 वर्ग मी0।
3–निर्मित प्रथम तल कवर्ड एरिया–871.00 वर्ग मी0।
4–भवन की ऊचॉईः–07.50 मीटर।

भवन का अधिभोग एवं हैजार्डस विवरणः– प्रश्नगत भवन का अधिभोग एन0बी0सी0–2005 की एजुकेशनल भवन श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

ढांचागत व्यवस्थाऐंः–

1–पहुँच मार्गः– प्रश्नगत भवन के सामने रोड की चौडाई 24.00 मी0 मानको के अनुसार है। तथा प्रवेश/निकास द्वार जिसकी चौडाई 04.50 मी0 मानको के अनुसार उपलब्ध है।

2–सैटबेकः– प्रश्नगत भवन के सैटबेक अग्रभाग–12.00 मी0 एवं शेष तीन ओर 09–09 मी0 पूर्व स्वीकृत मानचित्र के अनुसार उपलब्ध है। जिसमें किसी प्रकार का स्थायी/अस्थाई निर्माण कार्य एवं पार्किंग अनुमन्य नही होगी। सैटबेक सदैव अवरोध मुक्त रखा जाये।

3–निकास मार्गः– प्रश्नगत भवन में 02 अदद स्टेयरकेस जिनकी चौडाई 01.50 मी0 प्रत्येक उपलब्ध है। तथा निकास मार्गो को सदैव नेचुरल/वेन्टीलेटिड रखा जाना अनिवार्य होगा। तथा समस्त स्थानों से ट्रेवलिंग डिस्टेन्स अधिकतम अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत है।

अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाः– प्रश्नगत भवन मे नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया–2005 एवं उसमे सन्दर्भित बी0आई0एस0–3844 के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार निम्न स्थापित पाई गई जिनका विवरण निम्नवत हैः–

1–प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर):– भारतीय मानक ब्यूरो के आई0एस0–2190 के अनुसार कार्यशील दशा मे स्थापित पाये गये।

2–होजरील/डाउनकमरः– प्रश्नगत भवन मे एन0बी0सी0 मानक के अनुसार वांच्छनीय नही है।
3–टेरिस टैंकः– प्रश्नगत भवन मे एन0बी0सी0 मानक के अनुसार वांच्छनीय नही है।
4–टेरिस पम्पः– प्रश्नगत भवन मे एन0बी0सी0 मानक के अनुसार वांच्छनीय नही है।
5–भूमिगत टैंकः– प्रश्नगत भवन मे एन0बी0सी0 मानक के अनुसार वांच्छनीय नही है।
6–फायर पम्पः– प्रश्नगत भवन मे एन0बी0सी0 मानक के अनुसार वांच्छनीय नही है।
7–वेटराईजरः– प्रश्नगत भवन मे एन0बी0सी0 मानक के अनुसार वांच्छनीय नही है।

(अमन शर्मा)
उप निदेशक फायर सर्विस
मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ